भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: 83
उत्तर देने की तारीख: 26.07.2021

केन्द्रीय विद्यालयों के संबंध में अध्ययन

†*83 श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश में केन्द्रीय विद्यालयों को बेहतर बनाए जाने हेतु अध्ययन करने और रिपोर्ट तैयार करने हेतु किसी आयोग को गठित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। .

******

"केन्द्रीय विद्यालयों के संबंध में अध्ययन'' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 83 के भाग (क) और)ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) का उद्देश्य रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों सहित केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों को एक समान शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करके उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करना है। वर्तमान में, केवि का पुनर्गठन करने के लिए आयोग गठित करने को कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविस) के कार्यों की नियमित निगरानी और समीक्षा शिक्षा मंत्रालय द्वारा की जाती है। केविस के शासी बोर्ड और आम सभा द्वारा संगठन के कार्यों का आवधिक मूल्यांकन किया जाता है। कार्य प्रदर्शन की निगरानी हेतु प्रमुख परिणामी क्षेत्रों सहित वार्षिक कार्य योजना और मध्य अवधि कार्यनीतिक योजनाएं तैयार की जाती हैं। प्रत्येक वर्ष संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखाओं के लेखा परीक्षित विवरण के माध्यम से केविस के कार्यप्रदर्शन की रिपोर्ट संसद को दी जाती है।

******